आईआईएम राँची में सैल के कर्मियों के लिए एग्जीक्यूटिव लीडरशिप प्रोग्राम शुरू

आईआईएम में सेल के कर्मियों के लिए एग्जीक्यूटिव लीडरशिप प्रोग्राम शुरू

रांची| भारतीय प्रबंधन संस्थान रांची में एग्जीक्यूटिव लीडरशिप प्रोग्राम के तीसरे बैच की शुरुआत हुई। कार्यक्रम में स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल) के कर्मी अगले पांच दिनों तक संस्थान में रहकर प्रबंधन कौशल का प्रशिक्षण हासिल करेंगे। कर्मियों को दो आवासीय शैक्षणिक कार्यक्रम और एक ऑनलाइन कार्यक्रम में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम निदेशक प्रो. मनीष बंसल ने शैक्षणिक सत्र में शामिल होने पहुंचे सेल कर्मियों को अगले पांच दिनों की शैक्षणिक यात्रा के बारे में बताया। फाइनांशियल इक्विपमेंट, डिसिजन मेकिंग, स्ट्रेटेजिक लीडरशिप, लीडरशिप स्टाइल की उपयोगिता पर चर्चा की। मौके पर कॉर्पोरेट रिलेशन एंड प्लेसमेंट कमेटी के विभागाध्यक्ष प्रो. राजीव वर्मा, कार्यक्रम निदेशक प्रो. अनुप्रिया खां सहित पांच दिवसीय कोर्स के जुड़े प्राध्यापक व अन्य सहायक मौजूद थे।

Dainik Bhaskar_17.07.2025_P. 4